## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 15.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 15.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाया जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी गनीवा व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त रामसुजान पटेल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम अर्जुनपुर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 26 क्वार्टर देशी शराब नाजायज ठेका के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.चौकी प्रभारी गनीवा उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह

2.आरक्षी रामकेश कुशवाहा

3.आरक्षी शिवम मिश्रा

**(4).** आज दिनाँक 15.08.2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन चित्रकूट में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों ने आजादी के विधान में आंखे खोली है। जितनी शिद्दत के साथ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के पूर्व बाद कि जो दोनों हवाओं का फर्क उन्होंने महसूस किया हम आप शायद कभी महसूस कर पाएंगे और यही कारण है कि धीरे धीरे हम उस त्याग बलिदान को कही न कही जो कर्जा हमारे मन,जीवन में होना चाहिए वह कम हो रहा है ये जो उत्सव मनाए जाते है इसीलिए ही मनाए जाते है कि हम उन संघर्षो को स्मृतियों को तरो ताजा कर सके और उन बलिदानों को हम नमन कर सके,उनसे प्रेरणा ले सके। आज का दिन केवल एक तारीख नहीं इसके पीछे का जो इतिहास इस दिन को हासिल करने का जो संघर्ष है उसको हम याद करते है तो निश्चित रूप से हमे अपना दायित्व बोध भी याद होता है। हम उन पीढ़ियों की कुर्बानियों को याद करने के साथ साथ अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहे और आने वाली पीढ़ियों को हमसे सीख मिले। तिरंगा हमारी आन बान शान है इसे हमे बुलंदियों, ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करना चाहिए। तिरंगे के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए हमेशा आगे खड़ा होना है,खाकी पहने हम सभी देश की आंतरिक सुरक्षा और बेहतर तरीके से करें। देश के संविधान निर्माताओं द्वारा देश को किस तरह से प्रोटेक्ट किया जाएगा उन्होंने उस तरह से संविधान में उपबंध किए। हमारे अधिकारों के साथ साथ देश के प्रति हमारे कर्तव्यों के संबंध में बोध कराया गया। इसी के साथ हम सभी को तिरंगे के नीचे खड़े होकर आज संकल्प लेना चाहिए कि हमें किसी के द्वारा हमारे कर्तव्यों का बोध न कराया जाए हम स्वयं अपनी मिट्टी को आसमान के ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए योगदान करें। यही हमारी सभी स्वतंत्रता दिलाने वाले दीवानों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया,गोलियां खाई।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिन पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के प्रशस्ति पत्र मेडल प्रदान किया जा रहा है सभी को शुभकामनाएं देकर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रोत्साहित करते हुये कहा गया कि आप सभी भी इसी प्रकार से अच्छे कार्य करें जिससे अगली बार यह सूची दोगुनी हो जाये।

79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्री जय करन सिंह को सेवा निवृत्त होने पर प्रशंसा पत्र/शील्ड,सेवा निवृत प्रतिसीर निरीक्षक श्री शिवनारायण को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक,प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव सराहनीय सेवा के लिए सम्मान चिन्ह, निरीक्षक नागरिक पुलिस श्री मनोज कुमार को उत्कृष्ठ सेवा सम्मान चिन्ह एवं आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत नवचयनित 60,244 आरक्षियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह दिनांकः 15.06.2025 को कमिश्नरेट लखनऊ में मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी एवं मा० मुख्य मंत्री उ०प्र० श्री योगी आदित्य नाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति

में सकुशल सम्पन्न हुआ जिसमें निम्नांकित अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में नवचयनित आरक्षियों के परिवहन, आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था अपने कुशल नेतृत्व में सुनिश्चित की गयी। जिसकी श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक प्रयागराज जोन प्रयागराज द्वारा उक्त सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

1. श्री सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट।
2. श्री जय करन सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (सेवानिवृत्त) जनपद चित्रकूट।
3. श्री राहुल पाण्डेय उ०नि०ना०पु० जनपद चित्रकूट।
4. श्री केशव प्रसाद शुक्ल, सहा० उ०नि० (लिपिक) जनपद चित्रकूट।

यूपी-112 मुख्यालय लखनऊ से (बेहतर रिस्पॉन्स टाइम) प्राप्त प्रशस्ति पत्र-
नाम अधि०/कर्म० पीआरवी नम्बर
1.मु०आ० चरण सिंह (कमाण्डर) 2027 सीतापुर
2.आ० जय सिंह (सब कमाण्डर) 2027सीतापुर
3.मु०आ०बा० दिलीप साहू (पायलट2027 सीतापुर
4.आ० जगदीश प्रसाद (कमाण्डर) 2027 सीतापुर
5.आ० मुकेश कुमार (सब कमाण्डर) 2027 सीतापुर
6.हो० चा० बृजमोहन (पायलट) 2027 सीतापुर
पीआरबी ऑफ द डे-
1.मु०आ० मो० सगीर (कमाण्डर) 2037 पहाड़ी
2.आ० भूपेन्द्र यादव (सब कमाण्डर) 2037 पहाड़ी
3.होगा० सुनील कुमार (सब कमाण्डर) 2037 पहाड़ी
4.आ0चा0दिनेश कुमार (पायलट) 2037 पहाड़ी

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविंद्र वर्मा,क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा,प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव,प्रभारी यातायात श्री शैलेन्द्र सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह,पीआरओ प्रदीप पाल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को सम्बोधित किया गया तथा सभी को मिष्ठान वितरित किया गया। इसी महापर्व पर जनपद के समस्त थाना/चौकियों में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया एवं सभी को मिष्ठान खिलाया गया ।

**(5).** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा त्यागी इंटर कॉलेज के समस्त स्टॉफ एवं छात्र छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई व छात्रा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला टॉप करने वाली छात्रा सरिता देवी को कॉलेज की ओर से दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के रुप में 5100/- रूपये का चेक प्रदान किया गया तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को कहा कि

आप इस देश का भविष्य है आपकी ऊर्जा,आपके विचार और आपका जोश ही भारत को एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने में सबसे बड़ा योगदान दे सकता है। लेकिन इसके साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि आप अपनी स्वतंत्रता का

उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें। आज का युग डिजिटल क्रांति का युग है जहाँ सूचनाये और विचार एक क्लिक पर उपलब्ध है। लेकिन इसके साथ ही, साइबर अपराध,गलत सूचनाए और सामाजिक चुनौतिया भी बढ़ रही हैं। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आपको सतर्क रहना होगा कि आप ऐसी किसी गतिविधि का हिस्सा न बनें जो हमारे देश की एकता और अखंडता को खतरे में डाले। पुलिस बल के रूप में, हमारा कर्तव्य है कि हम समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखें। हम दिन-रात आपके लिए, आपके परिवारों के लिए, और आपके भविष्य के लिए तत्पर रहते हैं। लेकिन यह जिम्मेदारी केवल हमारी नहीं है। यह एक साझा जिम्मेदारी है। आप सभी से मेरा अनुरोध है कि कानून का पालन करें और अपने आसपास के लोगों की मदद करें, और यदि आपको कोई ऐसी गतिविधि दिखे जो समाज के लिए हानिकारक हो, तो उसे तुरंत प्रशासन तक पहुँचाये।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह,कॉलेज प्रबंधक श्री बुआराम शुक्ल, सेवानिवृत पीसीएस अधिकारी ओमप्रकाश,प्रधानाचार्य श्री हरिराम चौरसिया समाजसेवी रमाकांत मिश्रा एवं कालेज के समस्त स्टाफ/छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।